**खबर संक्षेप**

### भुड़सा स्कूल के छात्र छात्राओं का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**बड़वारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में कक्षा दसवीं व बारहवीं में छात्र छात्राओं ने 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर अपने विद्यालय, गुरुजनों व ग्राम तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल, स्टाफ ने छात्र छात्राओं की सफलता पर उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### एक लाख रूपए किये पार

**कटनी।** बड़वारा क्षेत्र में चोरो ने एक लाख रूपए पार कर दिये। जानकार अनुसार विलायतकला स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 65 वर्षीय शिव प्रसाद नायक अपनी जमा पूंजी निकलवाने बैंक गए थे। चौरों द्वारा उनको बैंक से पीछा करना चालू किया। नायक ने विलायत कला बस स्टैंड में जैसे ही गाड़ी खड़ी की वैसे ही चोरों ने एक लाख रुपए पार कर दिए। क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। हाल ही में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे ही बड़वारा में सेंट्रल बैंक के सामने से श्रावण सोनी रोहनिया निवासी के 80000 रुपए चोरी हो गए थे। जिसका सुराग आज तक नहीं लगा। पुलिस अब तक इन घटनाओं का खुलासा नहीं कर सकी।

## दसवीं कक्षा का 81.13 प्रतिशत और बारहवीं कक्षा का 82.4 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

# 10वीं में 6 बच्चों एवं कक्षा 12वीं के विज्ञान विषय में दो बच्चों ने प्रावीण्य सूची में अपना नाम किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की आयोजित परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। इसमें कटनी जिले के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। कटनी जिले का इस साल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 81.13 प्रतिशत और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 82.4 प्रतिशत रहा। जो पिछले वर्ष की तुलना में कहीं अधिक बेहतर परीक्षा परिणाम है।

परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा प्राचार्यों की नियमित अंतराल पर ली गई समीक्षा बैठकों के साथ-साथ छात्रों के लिए परीक्षा के एक माह पहले से मिशन -30के तहत प्रतिदिन 10 प्रश्नों की तैयारी कराने से बेहतर परिणाम की सफलता मिली है। यह सभी प्रश्न पत्र शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा तैयार कर स्कूलों में भेजे जाते थे। इसी मापदंड के आधार पर छात्रों को अध्ययन, अध्यापन कराने से पिछले साल की तुलना में परीक्षा परिणामों में बढ़ोतरी हुई है।परीक्षा परिणाम की बेहतरी के लिए कलेक्टर शिक्षा अधिकारियों,शिक्षकों और प्राचार्यों को छात्रों को पढ़ाई हेतु निरंतर प्रेरित और प्रोत्साहित करते रहने की बात कहते रहे हैं।



### जिले को मिली बड़ी कामयाबी

पिछले साल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 62.26 फीसदी रहा था, वहीं इस वर्ष यह परिणाम बढ़ कर अब 81.13 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार 10वीं के परीक्षा परिणाम में कुल 14.87 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार कटनी जिले के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भी बीते साल की तुलना में 11.29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस साल 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 82.4 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल के परीक्षा परिणाम 71.11 प्रतिशत से 11.29 फीसदी अधिक है।

### असफल छात्र न हो निराश

कलेक्टर श्री यादव ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने परीक्षा मे सफल हुए सभी छात्रों के परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी छात्र कटनी जिले का स्वर्णिम भविष्य है। कलेक्टर ने कहा है कि जिन छात्रों के अंक परीक्षा में कम आये है या फिर किसी कारण से वे परीक्षा से असफल हो गए है उन्हे निराश और हताश होने की जरूरत नहीं है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि बेसक असफलता निराश और दुखी करती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते। असफलता से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए असफल छात्र धैर्य और साहस बनाये रखें और कड़ी मेहनत कर इतिहास रच दें। बताते चलें कि घोषित परीक्षा परिणाम में कटनी जिले की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राज्य स्तर पर 17 वां स्थान है। वहीं 12 वीं कक्षा के परिणाम के मामले में कटनी जिले की 13 वीं रैंक है।

### इन्होंने नाम रोशन किया

तिलक राष्ट्रीय विद्यालय में कक्षा 12वीं के विषय जीव विज्ञान के एक छात्र एक छात्रा ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया हैं। दोनों छात्रों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करा के अपने परिवार, स्कूल और जिले का नाम रोशन किया हैं। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) द्वारा एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी कर दिए गए हैं।

एमपी बोर्ड कक्षा 12वीं की छात्रा सानवी द्विवेदी पिता डॉ. राजीव द्विवेदी माता डॉ. श्रद्धा द्विवेदी तिलक राष्ट्रीय स्कूल ने जीव विज्ञान में मप्र की प्रवीण सूची में चौथा स्थान एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्हे 500/480 मार्क प्राप्त कर 96 प्रतिशत प्राप्त किए हैं, छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

इसी तरह प्राकृत तिवारी पिता डॉ. रामपद तिवारी तिलक राष्ट्रीय स्कूल कक्षा 12वीं जीव विज्ञान मप्र की प्रवीण सूची में आठवां स्थान एवं जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इन्हे 500/476 मार्क प्राप्त हुए हैं, इन्होने 95.2% अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

### बका लेकर घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**उमरियापान।** किसी वारदात को कारित करने की नीयत से बक लेकर घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में अमन शांति कायम रखते हुए असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया गया है । पुलिस द्वारा दौरान ईलाका भ्रमण के सूचना मिली कि ग्राम हरदी मोड नारायण पटेल के प्लाट के सामने आम रोड पर एक व्यक्ति अबैध रूप से बका लिये आने जाने वाले लोगो को गाली गुप्तार कर डरा धमका कर मारने पीटने बोल रहा है। जिसकी सूचना पर सहायक उप निरीक्षक कोदूलाल दाहिया हमराह स्टाफ एवं गवाहों के ग्राम हरदी मोड नारायण पटेल के प्लाट के सामने आम रोड पर पहुचे जहां एक व्यक्ति मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पूछने पर अपना दिनेश कुमार मेहरा पिता राजेन्द्र मेहरा 25 वर्ष नि. ग्राम हरदी थाना उमरियापान का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक धारदार बका लिये मिला जिसके विरुद्ध थाना उमरियापान में धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से न्यायालय के आदेश से जिला जेल कटनी में दाखिल किया गया है ।

*बहोरीबंद पुलिस ने की कार्यवाही, तालाब किनारे से चोरी की थी बाइक*

# दो बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे, चोरी की बाइक सहित मोबाइल किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से चोरी की मोटर साइकिल एवं मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 12 अप्रेल को मुकेश पिता जगदीश पटेल नि. ग्राम खकरा पटना ने रिपोर्ट लिखाया कि मैं दिनांक 15/01/25 को अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसायकल से बहोरीबंद से अपने गाँव जा रहा था रात करीब 9.30 बजे अचानक पेट में अधिक दर्द होने से मैं बरही घटिया के पास सडक के किनारे अपनी मोटरसायकल खड़ी करके अपना वीवो मोबाईल गाडी में रखकर पास के तालाब में निस्तार के लिये चला गया था अधिक दर्द होने से मैं वही लेट गया कुछ देर बाद वापस आकर देखा तो मेरी एचएफ डीलक्स मोटरसायकल क्र. एमपी 04 व्हीए 1270 तथा एक वीवो मोबाईल नहीं था फिर मैं दूसरे दिन अपना ईलाज कराने कटनी व जबलपुर चला गया वापस आकर तालाश किया गाडी व मोबाईल का पता नहीं चलने पर रिपोर्ट करने आया हूँ। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 51/25 धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान 06/05/25 को मुखबिर सूचना पर से जुगिया मैदान बहोरीबंद में आरोपी नीलू भूमिया पिता संतकुमार भूमिया 19 साल नि. शांतिनगर गाताखेडा के कब्जे से चोरी गई मोटरसायकल क्र. एमपी 04 व्हीए 1270 तथा आरोपी भजनलाल पिता भाईलाल भूमिया 19 साल नि. ग्राम भरवारा थाना रैपुरा जिला पन्ना के कब्जे से चोरी गया वीवो मोबाईल जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया।



### कार्रवाई में ये रहे शामिल

उक्त आरोपियो की पतारसी गिरफ्तारी व जप्ती में निरी. सुरेन्द्र शर्मा, सउनि अजय सिंह, आर. 571 अतुल श्रीवास्तव, आर. 128 कोमल की विशेष भूमिका रही ।

# पुलिस की जांच में झूठे निकले वृद्ध पर गोली चलने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक वृद्ध द्वारा गोली चलाये जाने के आरोपों की पुलिस ने जब जांच की तो मामला झूठा निकला। दरअसल कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलहरी में राजकुमार उर्फ मुन्ना यादव 60 निवासी बिलहरी ने अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ 2022 में ओंकार उर्फ लत्तू यादव इनके बेटा, बेटा, भतीजा, भाई छह लोगों पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया था। इसमें राजकुमार पांच लोगों पर मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया था। एक आरोपी की इसमें मौत हो गई थी। राजकुमार की उम्र 60 वर्ष होने के कारण न्यायालय से जमानत हो गई थी। तीन आरोपी अभी भी जेल में बताए जा रहे हैं। 8 मई को इसी मामले की पेशी है। पीड़ित पक्ष पर राजीनामा के लिए लालच दिया जा रहा था व दबाव बनाया जा रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि राजकुमार ने पुलिस को सूचना दी कि ओंकार यादव आदि छह लोगों ने मिलकर उसपर हमला किया गया। फायरिंग की है, जिससे बाएं हाथ के कोहनी के ऊपर घाव हुआ है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोली चलने की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। चौकी प्रभारी बिलहरी व कुठला थाना प्रभारी राजेंद्रा ने बताया कि जिला अस्पताल में -मुलाहिजा कराया गया। गोली मारने का जिन पर आरोप लगाया उन छह लोगों की जांच कराई गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो 4 लोग घर में ही मिले। सूचना पर चौकी पहुंचे। दो अन्य लोगों के नाम थे वे जबलपुर में किसी व्यक्ति का उपचार कराते हुए मिले। मेडिकल परीक्षण में सामने आया कि गोली की चोट नहीं है। थाना प्रभारी ने पूछताछ की तो पता चला राजकुमार ने झूठा षडयंत्र रचा है।

# हितग्राहियों से 15 मई तक राशन की ई-केवायसी करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। आगामी समय में खाद्यान्न निरंतर प्राप्त होता रहे इसलिये सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है । जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित शेष रहे हितग्राहियों के ई-केवायसी 15 मई तक करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा दिये गये हैं।

हितग्राहियों के ईकेवायसी समय-सीमा में करने के लिये 15 मई 2025 तक ई-केवायसी करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये जिला स्तर पर जिला आपूर्ति अधिकारी एवं अनुभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, संबंधित विकासखण्ड के अंतर्गत संबंधित ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक, संबंधित नगरीय क्षेत्र के वार्ड प्रभारी का संयुक्त दल गठित किया जाकर कैम्प आयोजित किये जाकर ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। ई-केवायसी के दौरान पीओएस मशीन में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, वृद्धजन व अन्य जिनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, ऐसे हितग्राहियों के साथ ही ऐसे हितग्राही जो अपनी मूल उचित मूल्य दुकान के बाहर मध्यप्रदेश के किसी भी अन्य स्थान में निवासरत हैं या जो हितग्राही अपने कार्य की व्यस्तता के कारण उचित मूल्य दुकान या कैम्पों में उपस्थित नहीं हो सकते हैं, वे मेरा ईकेवायसी एप से कर सकते हैं।

### छेड़छाड़ के आरोपी को एक साल का कारावास, 3 हजार रूपए का अर्थदंड

**ढीमरखेड़ा।** युवती के साथ छेड़छाड़ कर उसकी लज्जा भंग करने वाले एक प्रकरण में न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को 1 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 8 साल पुराना बताया जा रहा है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विनोद सिंह लोधी ने बताया कि 28 मई 2017 को सुबह साढ़े 7 बजे ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत सिलौड़ी पुलिस चौकी के एक गांव में एक युवती अपने घर की बाड़ी में काम कर रही थी। इस दौरान चुन्नू उर्फ धीरेंद्र पटेल नामक युवक बाड़ी में अंदर आ गया और काम कर रही युवती का हाथ पकड़कर बुरी नियत से लेकर जाने लगा। युवती के चिल्लाने पर युवक बाड़ी कूदकर भाग गया। पीड़िता ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। मामला न्यायालय में चल रहा था। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी युवक को धारा 354 के अपराध में 1 साल का सश्रम कारावास और तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## जन सुनवाई में 102 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं

# पट्टा दिलाने, तो किसी ने रिकार्ड दुरूस्त कराने की फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों ने 102 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अधिकारियों ने रू-ब-रू संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। यह जनसुनवाई समस्त उपखंड, तहसील एवं जनपद स्तर पर भी आयोजित की गई।

ग्राम पुरैनी निवासी लीला बाई यादव ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुये कहा कि मेरे पति स्व. मोहन लाल यादव म.प्र. राज्य सहकारी संघ विपणन में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। पुरैनी से उनका ट्रांसफर मुरैना हो गया था। 2019-20 में उनकी मृत्यु हो गई। 4 साल से भाग दौड़ करने के बाद भी पेंशन एवं पीएफ की राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। जिस पर जिला विपणन संघ को निश्चित समयावधि में शिकायत का निराकरण के निर्देश दिए गए।



अहमद नगर निवासी राजकुमार कोल पिता मथुरा ने आवेदन देते हुये कहा कि मैं भूमिहीन हूँ एवं रहने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेरा परिवार पानी की टंकी के पास पिछले पांच वर्षों से काबिज है। इसलिए मुझे भूमि का पट्टा दिलाया जाये। इस पर अधिकारियों ने तहसीलदार कटनी नगर को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम कटरिया निवासी फेरन सिंह ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मौजा बनगवा पटवारी हल्का नं. 70 स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 62/2 रकवा 0.60 हेक्टेयर भूमि है। यह भूमि मैंने रामसुजाल जायसवाल से क्रय की थी एवं इस पर मैं वर्ष 2001 से काबिज हूँ। परंतु ऑनलाइन दस्तावेजों में यह भूमि हीरा लाल झारिया के नाम पर दिख रही है। इस पर तहसीलदार ढीमरखेड़ा को जांच कर नाम सुधार करने हेतु निर्देश दिया गया।

चतुर्थ पुण्यतिथि
बुधवार, 07 मई 2025



मेरी धर्मपत्नी - स्मृति शेष
श्रीमती राधारानी गुप्ता
की चतुर्थ पुण्यतिथि पर हम सभी परिजन आपको याद करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
आपकी सरलता, सौम्यता, व्यवहार कुशलता, कठिन परिश्रम, प्रेम, त्याग और सबको साथ लेकर चलने की अदभुत क्षमता हम सबके लिए प्रेरणादायी रहेगी
सादर श्रद्धांजलि
सुरेश कुमार गुप्ता (पति)
दीपक गुप्ता, डॉ. पंकज गुप्ता,
नीरज गुप्ता (पुत्र), आरती गुप्ता (पुत्री)

## खबर संक्षेप

### चोरी गई बाइक को पुलिस ने किया बरामद

**कटनी।** बरही पुलिस ने बीते माह चोरी हुई बाइक को बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार 23.04.25 के रात्रि करीब 10 बजे शादी कार्यक्रम मे शामिल होने आये एक व्यक्ति ने अपनी मोटरसाईकिल क्र. MP 21 MP 9817 को पेट्रोल पम्प के सामने खड़ा कर शामिल हुआ था। रात्री 11 बजे जब वापस बाहर आया तो देखा मोटरसाईकिल वहां पर नही थी। आस पास तलाश किया जो नहीं मिली मोटरसाईकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। टीम गठित कर उक्त मोटरसाईकिल और अज्ञात चोर की तलाश पतासाजी की गई। कोई अज्ञात चोर मोटरसाईकिल को रेल्वे लाईन के किनारे पकड जाने के डर से रख गया जिसे मोके से जप्त किया गया है अज्ञात चोर को जल्द ही पकड़ा जावेगा कार्यवाही में निरी. शैलेन्द्र सिंह यादव, उनि सेंगर, प्र.आर. सतीश हल्दकार, प्र.आर. अजय पाठक व आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही।

### लोकअदालत में जानकारी संकलन की लगाई ड्यूटी

**कटनी।** आगामी 10 मई को होने वाले प्रदेशव्यापी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण होना है। इसी के मद्देनजर जिले में लोक अदालत में विभिन्न खण्डपीठों से जानकारी संकलन किये जाने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 17 में लगाई गई है। डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा जारी डयूटी आदेश के अनुसार अनुभाग स्तर से जानकारी संकलन हेतु दिलीप सिंह मरावी नायब तहसीलदार नजूल कटनी, बृज बिहारी दुबे राजस्व निरीक्षक नजूल कटनी, ओमप्रकाश तिवारी सहायक ग्रेड-3 कलेक्टर कार्यालय कटनी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार कार्यालय कार्यवाही के लिए कलेक्टर कार्यालय कटनी में पदस्थ प्रदीप श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-3, शैलेन्द्र देशमुख सहायक ग्रेउ-3, गणेशन पिल्लई भृत्य एवं संतोष धुर्वे भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

### संबल योजना बनी रोशनी का सहारा

**कटनी।** नगर निगम क्षेत्र के बाल गंगाधर तिलक वार्ड में रहने वाली रोशनी निषाद जिनके परिवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना ने न केवल सहारा दिया, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित किया। रोशनी निषाद को जीवन में पहली बार चुनौती का का सामना तब करना पड़ा जब उनके पति चन्द्रशेखर निषाद का दुर्घटना में निधन हुआ। इस घटना नें परिवार को आर्थिक और भावनात्मक रूप से तोड़ दिया। परिवार के समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या से निपटनें हेतु रोशनी नें जिम्मा संभाला। चन्द्रशेखर का नाम मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना 2.0 में पंजीकृत होनें के कारण उनकी मृत्यु के योजना योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक से 4 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि रोशनी निषाद के खाते में अंतरित की गई। इस राशि से न केवल परिवार को आर्थिक संकट से उबारा बल्कि भविष्य संवारनें का मौका भी मिला।

### राजवंती को खेत तालाब की मिली स्वीकृति

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत सरसवाही के ग्राम खिरहनी के राजवंती कोरी ने मनरेगा के तहत खेत तालाब स्वीकृत होने पर ख़ुशी व्यक्त की है। हितग्राही राजवंती कोरी बताते है की उनके अनुपयोगी पड़ी ज़मीन में खेत तालाब बन रहा है। जिसमें वह मछली पालन करेंगे। मनरेगा योजना से बन रहे तालाब से एक ओर उसको अपने खेत में तालाब बनाने के लिए उसको एवं उसके परिवार को मजदूरी भी मिल रही है। ग्राम पंचायत सरसवाही के सरपंच हिमांशु त्रिपाठी एवं सचिव संजय द्विवेदी बताते है की जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा योजना से राजवंती कोरी के खेत में 1 लाख 47 हजार रूपये की लागत से खेत तालाब का प्रस्ताव ग्राम सभा से पारित कर कार्य स्वीकृत किया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई लोक परिवहन की 18वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक

# शहर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए प्रस्ताव भेजे जाने की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कटनी शहर में लोक परिवहन हेतु परिवहन कंपनी दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की 18 वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। बैठक के दौरान महापौर प्रीति सूरी डायरेक्टर, नीलेश दुबे आयुक्त नगर पालिक निगम मैनेजिंग डायरेक्टर, संतोष पाल आर.टी.ओ.डायरेक्टर और सुनील सिंह नोडल अधिकारी डायरेक्टर, सुधीर मिश्रा कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम, योगेश पवॉर चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर लोक परिवहन, की उपस्थिति रही।

बैठक में कंपनी द्वारा बसों के संचालन हेतु वित्तीय अधिकारो मे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मैनेजिंग डायरेक्टर, आयुक्त नगर पालिक निगम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर को फाईनेंशियल पॉवर, अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाये जाने इलेक्ट्रिक चार्जिंग अधोसंरचना हेतु क्षेत्रीय बस स्टैण्ड झिंझरी एवं ट्रांसपोर्ट नगर अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का चयन, झिंझरी में प्रस्तावित क्षेत्रीय बस स्टैण्ड मे परिवहन कंपनी के लिए ऑफिस बस डिपो चार्जिंग अधोसंरचना के लिए डीयूटीएफ राशि से कार्य करने के संबंध में चर्चा।





बैठक में पावर प्वाइंट प्रेवेन्टवेशन के माध्यम से बताया गया कि नसीम ट्रांसपोर्ट द्वारा संचालित 2 सिटी बसो को ग्रामीण परिवहन की सुविधा हेतु कटनी से रीठी बसों को बांकल तक संचालित करने, नगरीय परिवहन के लिए शहर में संचालित होने वाली 2 नवीन सिटी बसों को बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मिशन चौक, माधव नगर, झिझरी बस स्टैण्ड, निवार तक करने की योजना है । इसके अतिरिक्त ग्रीन मोबिलिटि के अंतर्गत कटनी शहर से 4 इलेक्ट्रिक बस कटनी से रीवा, कटनी से जबलपुर, मार्ग पर चतुर्थ निविदा में प्राप्त निविदाकार योलो बस प्राईवेट लिमिटेड की अधिकतम दर की जानकारी दी गई। जिससे कंपनी को प्रति माह राजस्व की प्राप्ति होगी। कटनी नगर निगम सीमा अंतर्गत पी.पी.पी. मॉडल पर विभिन्न स्थानो पर चार्जिंग स्टेशन पब्लिक टायलेट, कैफेटेरिया के लिए निविदा जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

शहर में पार्किंग स्थानों के विकास के लिए डी.पी आर. बनाने शहरीय सीमा में 4 नवीन इलेक्ट्रिक बस संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार कर संचालनालय भेजे जाने की भी स्वीकृति बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के द्वारा प्रदान की गई।

# आज से 21 मई तक चलेगी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का राज्य शासन द्वारा घोषित टाइम टेबल के अनुसार शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जाएगी ।

जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई को निःशुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन कराया जायेगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक दी जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा।

आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र (शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

### समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

### प्रवेश हेतु तय आयु

प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गयी है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, के.जी.-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, के.जी.-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

## 10 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा करने पर अधिभार में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार 10 मई को नगर निगम कटनी के पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं आयुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत के दौरान नागरिकों को निगम के बकाया करों की राशि आसानी से जमा करने की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा निर्धारित पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टेंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय एवं सुभाष चौक में काउंटर बनाए गए है।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि 10 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के लिए नागरिकों से संपर्क किया जाकर निर्धारित किए गए पांच काउंटर स्थलों सहित सम्पत्ति कर, जल कर उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य करों के अधिभार में निर्धारित शर्तों के साथ छूट प्रदान करनें की जानकारी दी जाकर आयोजित लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया जा रहा है।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होगी, उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। जिन सम्पत्ति कर के प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपए से अधिक तथा एक लाख रुपए तक बकाया है, उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रुपए से अधिक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

जल कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। जल कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। जल कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। यह छूट वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर ही दी जायेगी। छूट के बाद राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा करवाई जा सकेगी, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करवाना अनिवार्य होगा। यह छूट सिर्फ लोक अदालत के लिए ही मान्य होगी।

## दो सौ साल पुराने कुंआ का हुआ जीर्णोद्धार



जिले में जल संरक्षण की दिशा में कई अनूठे कार्य हो रहे हैं। प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान से रीठी विकासखंड के ग्राम देवगांव के प्राचीन कुंआ की मरम्मत एवं साफ-सफाई कर पुनरुद्धार के कार्यों का संपादन मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत के द्वारा किया गया। ताकि इस कुंआ के माध्यम से जल संरक्षित किया जा सके और आस-पास के क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। शहर से सटे इलाके में स्थित यह कुंआ पानी की पूर्ति करने का एक अच्छा माध्यम हैस राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस करीब दो सौ साल पुराने कुंआ का चयन किया गया था। कुंआ क्षेत्र के आस-पास रहने वाले रहवासियों को कुंआ संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया और सभी को अपने-अपने घरों में वर्षा जल को संधारित कर सोक पिट के माध्यम से भूमि के भीतर संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया।

# नगर निगम द्वारा लगाई गई याचिका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित नगर निगम के वाणिज्यिक केंद्र (राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स) के सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नगर निगम द्वारा लगाई गई याचिका खारिज कर दी गई है।

पार्षद मिथलेश जैन ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त मामले में पूर्व में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त आर्बिटेटर ने ठेकेदार खुशीराम एंड कंपनी के पक्ष में आदेशित करते हुए निर्देश दिया था कि नगर निगम ठेकेदार को 23.60 करोड़ की राशि अदा करे जिसके खिलाफ नगर निगम कटनी के अधिकारियों के कू संयोजन व लापरवाही के चलते नगर निगम अधीनस्थ न्यायालय, जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय से हारने के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी पराजित हो गई है



नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव से मांग की है कि गंभीर भ्रष्टाचार करके ठेकेदार को जिताने के लिए नगर निगम के वकीलों और अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत करते हुए नगर निगम का पक्ष न्यायालयों में उचित व प्रभावी रूप से नहीं रखा जिससे नगर निगम की बिल्डिंग बिकने की नौबत आ चुकी है

मिथलेश जैन और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने मांग की है कि इस कार्य में पूर्व निगम आयुक्त, प्रकरण के प्रभारी अधिकार, विधि विभाग के प्रभारी अधिकारी समेत समस्त दोषी व्यक्तियों का दायित्व निर्धारण कर उनकी संपत्ति से राशि बसूली जाए और दोषियों को जेल भेजा जाए

## किसानों को 65 करोड़ 24 लाख का हुआ भुगतान

# जिले में अब तक 1 लाख 31 हजार 28 मीट्रिक टन गेहूँ का हुआ उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 20 हजार 10 किसानों से 1 लाख 31 हजार 28 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। जो कि गत वर्ष का 111 प्रतिशत है। किसान भाइयों को अब तक 65.24 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को उपार्जित गेहूं का किसानों को त्वरित भुगतान किया जाना सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।



### उपार्जन में बहोरीबंद अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 4634 कृषकों से 30 हजार 995 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 4761 किसानों से 28 हजार 744 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील है। जहां 2863 किसानों ने 20 हजार 579 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 1798 किसानों ने 13 हजार 419 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 1670 किसानों ने 10 हजार 160 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। जबकि बरही तहसील छठवें पायदान पर है। जहां अब 1553 किसानों ने 9 हजार 173 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। वहीं बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में सातवें पायदान पर है। जहां 1520 किसानों ने 9 हजार 239 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। जबकि कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर संयुक्त रूप से आखिरी स्थान पर हैं। जहां अब तक 1211 किसानों ने 8 हजार 719 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

## मुआवजा राशि वितरण के लिए भू स्वामियों ने जताया महापौर का आभार

# घंटाघर मार्ग के प्रभावितों को 37.50 लाख की दी गई क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों के सुगम यातायात की व्यवस्था हेतु जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सडक चौड़ीकरण के साथ स्थल पर अन्य विकास कार्य कराये जानें के दौरान प्रभावित हुए भू-स्वामियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को नगर निगम मेयर कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, एवं निगम जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट मौजूदगी में उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा 9 भू स्वामियों को 37 लाख 50 हजार 835 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि के चैक का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउन्सिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव एवं विजय डब्बू रजक सहित नगर निगम के अधिकारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, विधि अधिकारी वरूणेश मिश्रा, लेखापाल श्रीकांत तिवारी सहित भू-स्वामियों की मौजूदगी रही।



उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग पर कराये जा रहे विकास कार्य के दौरान क्षेत्रीय प्रभावित भू-स्वामियों को नियमानुसार मुआवजा राशि के वितरण का कार्य निरंतर जारी है। जिसके तहत विगत अप्रैल माह में 6 भू-स्वामियों को क्षतिपूर्ति की राशि के चैकों का वितरण पूर्व में किया जा चुका है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण मेरी पहली प्राथमिकता वाले कार्य में शामिल था जिसके लिए जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास भी किये गए। हमारा यही प्रयास होगा कि सड़क का निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चैड़ीकरण के साथ पूर्ण हो। नगर विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य में क्षेत्र के अन्य भू-स्वामियों का सहयोग भी नितांत आवश्यक है अतः आप लोग अन्य नागरिकों को इस महत्वपूर्ण में स्वेच्छा से आगे आकर सहयोग प्रदान करनें हेतु उन्हे प्रेरित करें। मार्ग व्यवस्थित होनें से क्षेत्र का व्यवसाय भी बढेगा। हमारा यही प्रयास होगा कि आने वाले समय में शेष अन्य भू स्वामियों को भी क्षतिपूर्ति राशि के चैकों का भी वितरण शीध्र कर दिया जाए।

### इनको प्रदान किए गए चैक

नगर निगम मेयर इन काउंसिल कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाल मुकंद पिता प्रसाद चैदहा (7 लाख 67 हजार 797 रुपये), सुनीता देवी पती नीलेश चौदहा (2 लाख 64 हजार 826 रुपये), पंकज पिता शिवनारायण गुप्ता (7 लाख 76 हजार 273 रुपये), मधुसुदन वल्द बालकृष्ण गट्टानी (6 लाख 10 हजार 638 रुपये), कौशल प्रसाद वल्द रामदयाल सोनी (2 लाख 68 हजार 490 रुपये), शुभा पति आनंद चौदहा (3 लाख 15 हजार 456 रुपये), रामसखी पति राजाराम सोनी (2 लाख 29 हजार 320 रुपये) तिलक राष्ट्रीय स्कूल कटनी (2 लाख 45 हजार 424 रुपये) एवं डॉ ऋषि जैन वल्द सुरेश जैन (2 लाख 72 हजार 611 रुपये) रूपये के चैक प्रदान किये गए।

# अलग-अलग स्थानों में चल रहे जुआ-फड़ों पर दी गई दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर एवं बड़वारा पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर माधवनगर थाना की टीम ने तीन स्थानों तो बड़वारा थाना की पुलिस ने दो स्थाना पर छापामार कार्रवाई की है।

### यहां की गई कार्रवाई

माधवनगर पुलिस ने बताया कि रविवार को उन्होंने उत्कृष्ठ स्कूल के सामने मैदान के पास से शाम के समय जीवन लाल मीरचंदानी निवासी हास्पिटल लाइन, - हीरानंद सवनानी निवासी बंगला - लाइन, राहुल बाधवानी निवासी - हास्पिटल लाइन के फड़ से 1450 रुपए तो दूसरी टीम ने सुजाता धर्मकांटा - के पास राबर्ट लाइन से राकेश - पोपटानी, नरेश कुमार चावला दोनों - निवासी गुरुनानक धर्मशाला के पास - राबर्ट लाइन के फड़ से 1050 तो - तीसरी टीम ने रात के समय बन्टू - रोहरा की मिल के पास राबर्ट लाइन - से विजय धामेचा, लक्ष्मीचंद चावला - दोनों निवासी निवासी गुरुनानक धर्मशाला के पास राबर्ट लाइन को पकड़कर उनके फड़ से रकम 1160 रुपए जब्त की है।

बड़वारा पुलिस ने शाम के समय ग्राम बड़वारा पीपल के पेड़ के पास से राजकुमार कोल, चन्दन कोल व विनोद कोल सभी निवासी बड़वारा के फड़ से 320 रुपए नकद तो दूसरी टीम ने शाम के समय ग्राम बंदरी बिहारी कोल के खेत के आम पेड़ के पास से चन्द्रभान काछी, लालजी कोल, विकाश कोल, राहुल कोल व पुरुषोत्तम काछी सभी निवासी बंदरी को पकड़कर उनके फड़ से 52 ताश के पत्ते व नकद 310 जब्त करते हुए कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप

### कथा सुनने से होता है धुंधकारी जैसे पापी का भी कल्याण: किशोरी वैष्णवी गर्ग

**दमोह।** जमुनिया हजारी में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से द्वितीय दिवस में महाराज परीक्षित का जन्म अभिषेक और शमिक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि द्वारा परीक्षित को तक्षक सर्प द्वारा दंश का श्राप देना राजा परीक्षित का मोह भंग होना राजा का गंगा के तट पर पहुंचना और विलाप करना और श्री श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज गंगा तट पर आगमन श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज द्वारा राजा परीक्षित एवं जीव कल्याण के लिए सप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराना एवं भागवत के दस लक्षणों के बारे में बताएं। इसके साथ ही माता देवहूति एवं कपिल संवाद माता देवहूति का अपने पुत्र कपिल देव को गुरु बनाना एवं गुरु की महिमा की कथा श्री धाम वृंदावन की महिमा आदि लीलाओं का वर्णन किया। किशोरी जी ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से तथा हरि नाम लेने से जीव सिर्फ मोक्ष ही नहीं अपितु भगवान के नित्य धाम को जा सकता और कथा श्रवण करने से भगवान के श्री चरणों में अनंत कोटि पर्यंत तक वास मिलता है ।मुख्य यजमान - बी एम तिवारी ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

### कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आए 7 आवेदन

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 07 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

**पन्ना।** जिले की सभी शासकीय आईटीआई में नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रवेश के इच्छुकजन कौशल विकास विभाग की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।

### पतलौनी में मनाया स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस

**दमोह।** क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस महीने में एक बार मंगलवार एवं शुक्रवार को लगाया जाता है। क्षेत्र के 5 वर्ष तक के आयु वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं के अलावा ओपीडी मे पहुँचने वाले आमजनों की स्वास्थ्य जॉच करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आज जिले में 182 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र आयोजित किये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया विकासखण्ड तेंन्दूखेड़ा के पतलौनी आयुष्मान आरोगयम मंदिर में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र आयोजित किया गया। सी.एच.ओ उषा यादव ने ओपीडी में पहुँचे मरीजों और गर्भवती महिलाओं की प्राथमिक स्वास्थ्य जॉच कर समुचित उपचार सेवा दी गई। सत्र के दौरान 7 गर्भवती महिलाओं एवं 8 बच्चों को ए.एन.एम द्वारा टीकाकृत किया गया। बच्चों के परिजनों को टीकाकरण के महत्व, पोषण आहार के संबंध में चर्चा कर संतुलित खान-पान के संबंध में आवश्यक समझाईश दी गई।

कॉरिडोर बनने के बाद बुंदेलखंड बांदकपुर के नाम से जाना जाएगा: राहुल सिंह

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम एवं 09 मई को देव श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में कॉरिडोर भूमिपूजन समारोह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पीजी कालेज ऑडिटोरियम में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा यह संवाद इसीलिए रखा गया है कि अलग-अलग जगहों पर मंदिर बने हुए है, सबकी अलग अलग मान्यता है, अयोध्या राम मंदिर की अलग मान्यता है, उज्जैन महाकाल मंदिर की अपनी मान्यता है, जब जागेश्वर नाथ लोक बनकर तैयार होगा तो लोगों को पता चलेगा कि उसकी क्या मान्यता है। सांसद श्री लोधी ने कहा आज मुख्यत बुंदेलखंड खजुराहो के नाम से जाना जाता है जब बनकर तैयार होगा तो बुंदेलखंड बांदकपुर के नाम से जाना जाएगा। जब बांदकपुर का कॉरिडोर बनकर तैयार हो जाएगा तब आर्थिक रूप से भी दमोह में पैसा आएगा। उन्होंने कहा सभी जनप्रतिनिधि मिलकर एक कॉरिडोर तो बना सकते हैं लेकिन उसे भाव और दिव्य बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सन 2047 तक भारत विश्व गुरु बने, इसके लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव आवश्यक है, एक राष्ट्र एक चुनाव होने से जनप्रतिनिधियों को काम करने का अधिक समय मिलेगा और देश का पैसा बचेगा, जो देश के विकास में लगेगा, जिससे शिक्षा, मेडिकल, उद्योग एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सुधरेगा। इसमें प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अलग भूमिका है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा जागेश्वरनाथ हमारे दमोह जिले की नहीं पूरे देश की आस्था का केंद्र है, वहां पर कॉरिडोर निर्माण से व्यापार के साधन बढ़ेंगे। उन्होंने कहा पिछले विधानसभा चुनाव में कॉरिडोर निर्माण एक अहम् मुद्दा बना था यह तय किया था कि सरकार बनने के साथ ही कॉरिडोर का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की सब लोग 09 मई को जागेश्वर नाथ कॉरिडोर के भूमि पूजन समारोह में शामिल हों।

कार्यक्रम में लोधी समाज जिला अध्यक्ष भावसिंह लोधी, विश्व हिंदू परिषद जिला संयोजक अंजुम खत्री, सकल हिंदू समाज अध्यक्ष कपिल सोनी, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष संजय यादव, बड़े पौराणिक, मोनू पाठक ,आशीष कटारे, गर्ग जी, मोंटी रैकवार ,कृष्णा पटेल सहित बड़ी तादाद में सकल हिदू समाज के पदाधिकारी आमजन मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



समीपस्थ ग्राम देवरा जामशा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु 240 कलश की भव्य कलशयात्रा निकाली गई जिसमें आज सुबह 7:00 से 8:00 तक जिस रूट से कलश यात्रा निकाली गई उस रूट पर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम भी चलाया गया जिसमें ग्राम के लोगों ने पूरे गांव को हमेशा स्वच्छ बनाये रखने का संदेश दिया कलशयात्रा के स्वागत हेतु ग्रामवासियों द्वारा अपने-अपने घर के बाहर गाय के गोबर से लिपाई कर रंगोली बनाई और कलशधारी बहिनों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई शोभायात्रा में भगवान राम लक्ष्मण एवं ऋषि विश्वामित्र की झांकी का भी घर घर पूजन किया गया। कलश यात्रा का पूजन पं गिरधर पटेरिया एवं हरिनारायण चौकरया द्वारा नारायण सिंह पटेल से कराया गया। कलशयात्रा में दमोह, हटा, दिगी, मुहरई, हिनोता, तेवरईया, बिछुआ, पिपरिया, बिला बरबसपुरा, बड़खेरा चैन,सिमरी देवी सिंह आदि दर्जनों ग्रामों के परिजनों की सहभागिता रही।

### जनसुनवाई में 176 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** अपर कलेक्टर मीना मसराम ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 176 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ 20 आधार कार्ड तथा 05 आयुष्मान कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, लोकसेवा प्रबन्धक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में पाँचवे सप्ताह जनसुनवाई में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 32 का निराकृत एवं 6 आवेदन लंबित हैं। इसमें पतलोनी, खडेरी, रनेह सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

## मुख्यमंत्री विवाह-निकाह योजना में संशोधन 15 मई से प्रभावशील होंगे

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में संशोधन किया गया है। संशोधित आदेशानुसार योजना में कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हो साथ ही इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से 03 तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस) तथा एक अन्य तिथि का कैलेण्डर जारी कर सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। यह संशोधित योजना 15 मई 2025 से प्रभावशील होगी। जारी आदेशानुसार अनुसूचित जनजाति की परम्पराओं के दृष्टिगत अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्र में सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम आयोजन हेतु 04 तिथियों का केलेण्डर पृथक से विभाग द्वारा जारी किया जायेगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनातंर्गत संभागवार जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की संख्या निर्धारित की जाये। योजनातंर्गत सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर किया जाकर पात्र/अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई-केवायसी अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनातंर्गत सामूहिक विवाह में सम्मिलित वधु को सहायता राशि रुपये 49 हजार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से कन्या के खाते में एवं शेष 6 हजार रुपये पूर्व की भांति सामूहिक विवाह समारोह आयोजन हेतु जिला स्तर से आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय हेतु प्रदाय किया जाएगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाये साथ ही समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जाये।

## सिलाई कढ़ाई फ्री प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



हिंडोरिया । भारत सरकार के प्रोजेक्ट समर्थ के अंतर्गत अधीरा शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति दमोह के द्वारा वार्ड नंबर 03 के कुमुद करमरकर भवन में निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिंह रही। मुख्य अतिथि के द्वारा सरस्वती पूजन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कौशल सीखने में मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करेगा। समिति के सदस्य प्रशांत चौरसिया ने बताया कि 90दिन के इस प्रशिक्षण के उपरांत सरकार द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जो आगे उन्हें स्वरोजगार के लिए लोन लेने में मददगार होगा। उक्त अवसर पर संदीप जोशी,बंशी उपाध्याय ,सचिन चौरसिया, मोहित चौरसिया, कार्तिक चौरसिया, पूर्व नपा अध्यक्ष सुरेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद लक्ष्मण सिंह एवं ट्रेनर निधि चौरसिया ,भावना सिंह, जयंती अहिरवार मौजूद रहे।

## बांदकपुर में कार्यक्रम की समुचित तैयारियों के लिये कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बांदकपुर लोक का प्रस्तावित भूमिपूजन 09 मई 2025 को जिले के ग्राम बांदकपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का आगमन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के साथ मंत्रीगण, साधु संत गण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कार्यक्रम की विशिष्टता, कार्यक्रम की समुचित तैयारियां, व्यापक जनसंपर्क, सुरक्षा एवं समस्त प्रशासनिक व्यवस्थाओं के समन्वय पूर्ण क्रियान्वयन के लिए बांदकपुर में नियंत्रण कक्ष की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इस हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी नियंत्रण कक्ष हेतु उपयुक्त स्थल का चयन उपरांत आज सायं 5 बजे से उसका नियमित एवं सतत संचालन शुरू हो गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने नियंत्रण कक्ष संचालन एवं उपस्थिति हेतु निर्देश जारी किये है यथा सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि वह स्वयं एवं उनके अधीनस्थ अधिकारी /कर्मचारी (जिनकी ड्यूटी कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित की गई है) तथा वे समस्त अधिकारी/ कर्मचारी, जिनकी ड्यूटी कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित की गई है, वे नियंत्रण कक्ष एवं कार्यक्रम स्थल में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहकर सभी व्यवस्थाओं का संचालन एवं अनुश्रवण करेंगे।

नियंत्रण कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी की शिफ्टवार उपस्थिति अनिवार्य रूप सुनिश्चित की जाएगी जिसमें राजस्व विभाग,पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग (PWD),जिला एवं जनपद पंचायत,विद्युत विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, नगर पालिका परिषद, परिवहन विभाग, अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन, मंदिर समिति सदस्यगण, श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर, अन्य आयोजन से संबद्ध विभाग (आवश्यकतानुसार) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दमोह एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, दमोह द्वारा नियंत्रण कक्ष की दैनिक समीक्षा, निरीक्षण एवं आवश्यक निर्देशों का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा।

प्रबंधक ई-गवर्नेंस सोसायटी दमोह द्वारा नियंत्रण कक्ष में पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर, प्रिंटर, वाई-फाई कनेक्टिविटी सहित अन्य समस्त सूचना प्रौद्योगिकी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। ताकि समस्त समन्वयात्मक एवं रिपोर्टिंग कार्य निर्बाध रूप से संपादित हो सकें। साथ ही प्रत्येक शिफ्ट में कम से कम 02 डाटा एंट्री ऑपरेटर की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील है। समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए स्थल पर उपस्थित रहकर पूर्ण समर्पण के साथ अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

## प्राचीन बावडी में किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सगौनी

शासन के निर्देशानुसार नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया के सेक्टर देवडोंग्रारा ब्लॉक पटेरा जिला दमोह में गंगाजल संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम रखा गया जिसमें एक प्राचीन बावडी साफ स्वच्छ किया गया। यह बावड़ी दूसरों से ढाई सौ वर्ष पुरानी बावड़ी है इसका अधिकांश प्रयोग गांव के लोग पीने के रूप में और सिंचाई के रूप में भी प्रयोग करते हैं जिसमें हमारे मार्गदर्शक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक हरीश पांडे , नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी संस्था के प्रमुख मुलाम प्रसाद राय और जन अभियान परिषद में पदस्थ परामर्शदाता से मनीष मिश्रा, विजय ताम्रकार, अभिषेक साहू, ज्योति मिश्रा, आभा द्विवेदी एवं छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता रही। इस अवसर पर पन्नालाल काशी ,खुम्मन पटेल ,लोकेंद्र सिंह राजपूत ,संदीप पटेल ,भगवान दास काछी और गांव के सभी स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। तथा कार्यक्रम के उपरांत जल की महत्वता जल संरक्षण और जल की उपयोगिता और जीवन में जल की क्या भूमिका है इसके बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी साझा की गई सभी जनों का इस जल संवर्धन कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

## 444 ब्रांड हल्दी पाउडर एवं खड़ा धनिया के लिए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने ग्राम तेजगढ़ में विभिन्न किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही इरशाद किराना, बजाज किराना एवं मम्मा किराना पर की गई है। मौके पर इरशाद किराना एवं मम्मा किराना के परिसर में एक्सपायरी डेट की बेसन लड्डु, अचार मसाला एवं राई की 28.5 किलो मात्रा मूल्य 4850 रुपए का विनष्टीकरण किया गया। समस्त किराना दुकानदारों को परिसर में एक्सपायरी डेट की किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के मौके पर दिशा निर्देश दिए । मौके पर बजाज किराना दुकान से खड़ा धनिया एवं मम्मा किराना से 444 ब्रांड हल्दी पाउडर के नमूने जांच हेतु लिए गए । इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## बाल शिक्षावृत्ति मुक्त अभियान अंतर्गत दी जा रही है समझाइश



**दमोह।** विगत कई दिनों से दमोह जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोके जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जयवंत सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में सहायक संचालक संजीव मिश्रा के नेतृत्व में 5 मई 25 दिन सोमवार को दमोह शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों को लाउड स्पीकर के माध्यम से जानकारी दी गई कि बच्चों को भीख देकर उनका भविष्य बर्बाद न करें, बताया गया कि बच्चों को भीख देने से उनका जीवन नष्ट हो जाता है, वह एक ऐसे कुचक्र में फंस जाते हैं, जहां वे भीख के पैसे से नशा करने लग जाते हैं, और फिर वह बच्चों का दुरूपयोग करने वाले गिरोहों के संपर्क में आ जाने से बड़े -बड़े अपराधों का शिकार बनते है। बाल सरंक्षण अधिकारी अखिलेश चौबे ने बताया बच्चों को भीख देने से व्यक्ति कोई अच्छा काम न करते हुए बल्कि अपराधों को बढ़ावा देने के काम में जाने –अनजाने में शामिल हो जाता है। इसलिए बच्चों को भीख न दें, उन्हें शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करें और जिला प्रशासन के बाल भिक्षा वृत्ति मुक्त अभियान में जुड़ कर सहयोग करें।

## नेशनल लोक अदालत 10 मई को, 23 खंडपीठें करेगी प्रकरणों का निराकरण

**दमोह।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पी.सी.गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में 10 मई 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। साथ ही उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत की बकाया वसूली एवं नगर पालिका से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जायेगा। सिविल जज वरिष्ठ खंड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा के लिये कुल 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी। इस नेशनल लोक अदालत में बैंकों, विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं बी.एस.एन.एल. द्वारा वसूली से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने समस्त पक्षकारों से अपील की है, कि वे नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण करायें तथा विद्युत विभाग, बैंक, बीएसएनएल, नगरपालिका द्वारा दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त उठायें।

## चौरईया में वैक्सीन सत्र का किया निरीक्षण



**मडियादौ।** आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक बेहतर करने के लिए लगातार अधिकारी जमीनी स्तर पर मोनिटरिंग कर व्यवस्थाएं दुरस्त करने में लगे हुए हैं,इसी क्रम में आज खंड चिकित्सा अधिकारी हटा डॉ उमाशंकर पटेल ने परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास शिव राय के साथ उपस्वास्थ्य केंद्र चौरईया में आयोजित वैक्सीन सत्र का जायजा लिया,अधिकारियों ने यंहा स्वास्थ्य अमले से ड्यू लिस्ट,वैक्सीन वाले हितग्राहियों की जानकारी लेकर रिकार्ड अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।

### आदिवासी टोले में हितग्राहियों के घर पँहुचे अधिकारी

चौरईया भृमण के दौरान बीएमओ और सीडीपीओ ने आदिवासी टोले में घर घर जाकर लोगो से भेंट कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया, यंहा गम्भीर श्रेणी में शामिल बच्चा प्रशान्त आदिवासी के घर पंहुचकर परिजनों को परामर्श दिया और अपील की बच्चे को हटा पोषण पुर्नवास केंद्र में इलाज कराने की अपील की,परियोजना अधिकारी शिव राय ने बच्चे की माता को पोषण युक्त भोजन,मुनगा ,दाल ,हरि सब्जी आदि भोजन देने की सलाह दी,बीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल और बीसीएम देवेंद्र सिंह के साथ यंहा गर्भवती महिला लक्ष्मी पति परषोत्तम आदिवासी का स्वास्थ्य परीक्षण कर टीकाकरण कार्ड आदि जांच की,गर्भवती महिला को गर्भवस्था के दौरान खान पान,पोषण तत्व और नियमित जांच आदि परामर्श दिया,अधिकारियों ने मौके पर कई बच्चों और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से सेवाएं लेने की अपील की।

## जैन मिलन का स्थापना दिवस मनाया



**दमोह।** महिला जैन मिलन कांच मंदिर क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा जैन मिलन के स्थापना दिवस के अवसर पर जीव दया हेतु पक्षियों के लिए अनाज एवं जल से भरे हुई सकोरे वितरित किए गए जो पक्षियों के लिए भीषण गर्मी से राहत दिलाएगा । इस कार्यक्रम में हमारे राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमान कमलेंद्र , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमान आर के जैन , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीमान चंदेरिया जी क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती कविता ऋषभ जैन एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी के सानिध्य में इस कार्यक्रम का संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी का श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। जैन मिलन का उद्देश्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है इस कार्यक्रम से समाज में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है। इस कार्यक्रम में महिला जैन मिलन की,अध्यक्ष वीरांगना कल्पना जैन ,मंत्री कल्पना जैन, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंघाई , प्रचार मंत्री अरुण इटोरिया, क्षेत्रीय संयोग का मधु बजाज एवं साधना जैन, माया जैन, सीमा जैन, अरुणा जैन, सुषमा जैन , कामना फट्टा, ने जिन्होंने प्रमुखता से भागीदारी निभाई। अंत में सभी ने गन्ने के रस का आनंद लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 8 मई को

**दमोह।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी मप्र राज्य शाखा भोपाल के जनरल सेक्रेटरी के निर्देशानुसार 08 मई 2025 विश्व रेडक्रास दिवसर के रूप में मनाया जायेगा । विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दमोह द्वारा जिला चिकित्सालय दमोह मे रक्तदान शिविर एवं वृद्धाश्रम दमोह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जायेगा।भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने सभी से आग्रह किया है, शिविर में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

### महिला सुरक्षा की दिशा में हंड्रेड डायल ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**बनवार।** दमोह के थाना नोहटा क्षेत्र में डायल-112/100 सेवा ने एक बार फिर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समरा मड़िया गांव में एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर डायल-112/100 की टीम ने तत्काल मदद पहुंचाई और माँ एवं नवजात शिशु को अस्पताल पहुंचाया। आरक्षक कुलदीप सोनी पायलट हरिशंकर बंसल ने बताया राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए तत्काल रवाना हुई और मौके पर पहुंचकर मदद डायल-112/100 स्टाफ ने माँ एवं नवजात शिशु को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जिससे प्रसूता महिला एवं नवजात को समय पर उपचार मिला। इस तरह की घटनाओं से यह साबित होता है कि डायल-112/100 सेवा लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर है।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दमोह।** पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झांगर में कक्षा 12 वी के परीक्षा परिणाम बिगड़ने से आहत होकर एक छात्रा ने फांसी लगा ली। गढ़ाकोटा के एक विद्यालय में अध्यनरत थी। उसके फांसी लगाने का पता लगते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है की संभवतः छात्रा ने यह कदम रिजल्ट से आहत होकर उठाया है।

### शैली का सुयश



**सिंग्रामपुर।** रानी दुर्गावती हाई स्कूल सिंग्रामपुर कि छात्रा शैली शुक्ला पिता योगेंद्र शुक्ला ने दसवीं क्लास में 93.8 अंक प्राप्त कर क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया परिवार स्कूल का स्टाफ एवं ग्राम वासियों द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## कक्षा बारहवी के परीक्षा परिणामों में प्रदेश में अंतिम आया दमोह जिला

# चार विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पाया स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मंगलवार को घोषित मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड 10 वीं 12वीं के नतीजे में जिले के चार बच्चों ने प्रदेश की प्रवीण सूची में जगह बनाकर जहां अपने स्कूल तथा नगर के साथ जिले का नाम रोशन किया है। वही प्रदेश की औसत परीक्षा परिणाम में दमोह सबसे पीछे 52 में नंबर पर रहा है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी आंकड़ों की बाजीगरी बताकर इस बार पिछले बरस से बेहतर परिणाम बता रहे हैं। दमोह जिले से हायर सेकेंडरी से दो और हाई स्कूल से दो कुल चार छात्र मेरिट में आए हैं। हायर सेकेंडरी में गार्गी अग्रवाल नवजागृति स्कूल की छात्रा ने 484 अंक जीव विज्ञान संकाय लेकर प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेंडरी में गणित विषय में भानु सिंह लोधी उत्कृष्ट विद्यालय दमोह से प्रवीण्य सूची में 484 अंक के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार 10 वीं में भी तरन्नुम रंगरेज बुंदेलखंड स्कूल हटा की छात्रा ने 496 अंको के साथ पांचवॉ स्थान पूरे मध्यप्रदेश में प्राप्त किया है। इसी प्रकार दिव्यांश यादव जो सांदिपनी विद्यालय जबेरा का छात्र है 491 अंको के साथ दसवा वॉ स्थान पूरे मध्यप्रदेश में प्राप्त हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा ने कहा इस साल 2024-25 का परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कर दिया गया है, दमोह जिले में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 53.38% है, जो गत वर्ष के 41.39% था जो पिछले वर्ष की तुलना में 12% बढ़ा हुआ है। इसी प्रकार से बारहवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 48.5 है, जबकि गत वर्ष में यह परीक्षा परिणाम 47.31 था। इस प्रकार 1% की वृद्धि हुई है।

### बारहवी में अंतिम पायदान पर रहा दमोह

प्रदेश में कक्षा बारहवी में दमोह जिला का परीक्षा परिणाम 48 प्रतिशत रहा है। जिलावार परिणामों में 52वें स्थान पर दमोह रहा है यानि सबसे आखिरी स्थान पर। इसके बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी परीणाम के कम होने के मंथन की बजाय वाहवाही लेते नजर आये। खास बात यह है कि 51 वें स्थान पर रहे टीकमगढ जिले में व 52 वें स्थान पर रहे दमोह में 7.89 प्रतिशत का अंतर है जो साफ साफ दमोह की स्थिति को दर्शाता है। शासकीय स्कूलों में 47.46 प्रतिशत परीखा परिणाम रहा तो वहीं गैर शासकीय स्कूल में 50.25 प्रतिशत परिणाम रहा। शासकीय स्कूलो से अच्छा प्रदर्शन गैर शासकीय स्कूलो का रहा। वहीं कक्षा दसवी में दमोह जिले का परीक्षा परिणाम 53प्रतिशत रहा है जिसमें 57 प्रतिशत लडकिया व 48 प्रतिशत लड़के पास हुये है।



### सोशल मीडिया से बनाई दूरी, यह जरूरीः गार्गी

प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गार्गी अग्रवाल कहती हैं वह प्रतिदिन स्कूल टाइम के अलावा घर में 5 से 6 घंटे तक पढ़ाई करती रही इसलिए मैंने तय किया था कि अपनी पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया और मोबाइल को अपने से दूर रखेंगी और इस नियम का मैंने सख्ती से पालन भी किया है छात्रा का कहना है कि उन्हें फैशन डिजाइनिंग पसंद है. वह फैशन डिजाइनर बनकर कॅरियर आगे बढ़ाना चाहती हैं।



### इंजीनियरिंग में कैरियर बनाना चाहता हूँः भानू

आदर्श बहु.उ.मा.उत्कृष्ट वि. दमोह के छात्र भानु ठाकुर पिता राजेन्द्र ठाकुर नें गणित विषय में 500अंको में 484 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप टेन की सूची में आठवाँ स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। छात्र का कहना है कि इस सफलता के पीछे स्कूल और घर का पढ़ाई वाला माहौल रहा है वह इंजीनियरिंग में ही अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं।



### हटा नगर की बेटी ने बढ़ाया मान

**हटा।** मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मंगलवार को कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें हटा नगर के न्यू बुंदेलखंड पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा में कक्षा दसवीं की छात्रा तरन्नुम रंगरेज ने प्रदेश की प्रवीण सूची में पांचवा स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया। छात्रा ने कल 500 प्राप्तांक अंकों में से 496 अंक अर्जित किये तरन्नुम के पिता अंसार खान जनरल स्टोर के संचालक है जो अंजार खान रमाकवि वार्ड के पार्षद छोटे भाई हैं बेटी की उपलब्धि पर नगर के लोगों ने ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई दी।

### जिला प्रवीण्य सूची : कक्षा बारहवी

| | | | |
|---|---|---|---|
| खुशी दुबे पिता केशव दुबे | एमएलबी स्कूल हटा | 475 | प्रथम |
| रूबी लोधी पिता जालम सिंह | शास हायर सेके स्कूल नोहटा | 465 | द्वितीय |
| सुप्रिया दुबे पिता राजेंद्र दुबे | शास एमएलबी स्कूल हटा | 465 | द्वितीय |
| शुभ विश्वकर्मा पिता अजय | एक्सीलेंस स्कूल दमोह | 480 | प्रथम |
| चंद्रभान पिता केशव पटेल | एक्सीलेंस स्कूल दमोह | 478 | द्वितीय |
| आकांक्षा पिता बलराम सेन | एक्सीलेंस स्कूल दमोह | 472 | तृतीय |
| निकुंज पिता कमलेश प्रजापति | ओजस्विनी स्कूल दमोह | 473 | प्रथम |
| सीता पिता मलखे पाल | रा.दु. हा से स्कूल सिग्रामपुर | 473 | प्रथम |
| महक पिता मुन्ना लाल दुबे | शास हा से स्कूल पथरिया | 467 | द्वितीय |
| देवेन्द्र पटैल पिता दिनेश पटैल | शास एक्सीलेंस स्कूल दमोह | 458 | प्रथम |
| गीता चक्रवर्ती पिता कडोरी | शास एमएलबी स्कूल दमोह | 425 | प्रथम |

### जिला प्रवीण्य सूची : कक्षा दसवीं

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिवानी पिता जगदीश विश्वकर्मा | एक्सलेंस स्कूल दमोह | 490 | प्रथम |
| नूपुर सोनी पिता राकेश | एक्सीलेंस स्कूल हटा | 489 | द्वितीय |
| शुभा कुसमया पिता कमलेश | जी एस कानवेंट स्कूल हटा | 489 | द्वितीय |
| निखिल घोषी पिता अजित | ज्ञानदीपस्कूल तेंदूखेडा | 489 | द्वितीय |
| आंचल लोधी पिता लक्ष्मण | बुंदेलखंड स्कूल हटा | 488 | तीसरा |

### आईएएस बनना चाहते है दिव्यांश



**जबेरा।** जबेरा निवासी शिक्षक भरत यादव के पुत्र दिव्यांश ने सभी विषयों में उत्कृष्ट सफलता अर्जित करते हुए 500 में से 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश सूची मं दसवां स्थान प्राप्त किया है। होनहार छात्र दिव्यांश यादव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुओं अपने माता-पिता को देते हुए आईएएस अफसर बनकर देश सेवा एवं समाज सेवा करने की इच्छा जाहिर की। वही उनके पिता शिक्षक भरत यादव ने अपने पुत्र की इस सफलता पर खुशी जहिर करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पित एवं अनुशासन में रहकर एक कामयाब इंसान बने। छात्र दिव्यांश यादव के कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई, उप प्राचार्य अजय सिंघई सहित समस्त स्टाफ एवं नगरवासियों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### हाई स्कूल परीक्षा में तीन विद्यालयों शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

**दमोह ।** हाई स्कूल परीक्षा में तीन विद्यालयों शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा हैं। इनमें शासकीय हाई स्कूल लिधौरा, शासकीय हाई स्कूल भिलोनी एवं शासकीय हाई स्कूल सादपुर शामिल हैं। इसी तरह जिले के 167 विद्यालय में 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों की संख्या 21 है। तीन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 10 प्रतिशत से भी कम आया है। हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में जिले में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह का परीक्षा परिणाम 98% के साथ सबसे अधिक है। हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में 22 विद्यालय ऐसे हैं जिनका परीक्षा परिणाम 30% से कम रहा। हायर सेकंडरी विद्यालय तारादेही का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जिले में सबसे कम 5.02 प्रतिशत रहा।

### कन्या शाला की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



**जबेरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा बारहवीं एवम दसवीं की बोर्ड का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय ने विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा बारहवीं की छात्रा स्वेता शर्मा ने 500 में से 445 अंकों के साथ 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं डॉली चक्रवर्ती ने कक्षा दसवीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी अपनी कक्षा में टॉप किया। दोनों छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवम परिवार को दिया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य ने इसी प्रकार अन्य छात्राओं से भी मेहनत कर अपना नाम रोशन करने की बात कही। उनकी इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य जवाहर प्रधान,चित्तर सिंह ठाकुर,भानुप्रताप ठाकुर ,राजेश जैन, रूपसिंह पन्द्राम,अभिषेक शर्मा एवं उनके अभिभावक बड़े पिता जी प्रधानअध्यापक देवी प्रसाद शर्मा, रामकिंकर शर्मा,पिता कृष्ण कुमार शर्मा,मां रानी शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं परिवारजनों ने मिष्ठान खिलाकर बधाई और शुभकामनाये प्रदान की।

### पटेरा में विद्यार्थियों ने किया सराहनीय प्रदर्शन

**दमोह।** शासकीय एक्सीलेंस स्कूल पटेरा में कक्षा दसवी व बारहवी के परीक्ष परिणामों में विद्यार्थियों ने उल्लेखनी सफलता प्राप्त की है। प्राचार्य जे एस अहिरवार ने बताया कि कक्षा दसवी के परिणामों में वीर विश्वकर्मा ने 89.6 प्रतिशत, संजय अहिरवाल 85 प्रतिशत, आदित्य पटेल 77.8 प्रतिशत, हषदीप नामदेव 77.8 प्रतिशत हासिल किये है। कक्षा बारहवी के परिणामों में कु फिजा खान 91.4 प्रतिशत, अनुराग पन्या 89 प्रतिशत, कु संतोषी कुर्मी 84.6 प्रतिशत अंक लाकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। एक्सीलेंस स्कूल का परीणाम क्या रहा इसी जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई परंतु पटेरा नगर के मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम ऑवरआल बहुत ही सराहनीय रहा। प्राचार्य विवेक नेमा ने बताया कि मॉडल स्कूल में कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम 84.95 प्रतशत रहा वहीं कक्षा बारहवी का परीक्षा परिणाम 90.72 प्रतिशत रहा। मॉडल स्कूल में कक्षा बारहवी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में सम्मान नेमा पिता दीपक नेमा 90.8 प्रतिशत विषय बायो, रिया पिता परम राठौर 89.4 प्रतिशत विषय मैथ्स, मनोज प्रजापति पिता श्यामलाल प्रजापति ने 88.8 प्रतिशत अंक विषय बायो से लाकर अच्छा प्रदर्शन किया तो वहीं कक्षा दसवी में निशांत पिता दीपचंद पटैल 95.4 प्रतिशत, रिया जैन पिता ऋषभ जैन 93.8 प्रतिशत, दिव्याशु सेन पिता कमलेश सेन 93.6 प्रतिशत अंक लाकर सराहनीय प्रदर्शन किया है।

### मेधावी छात्र होगे सम्मानित- राजपूत क्षत्रिय महासभा

**दमोह।** स्व.श्री हरि सिंह हजारी एवं श्रीमति श्याम बाई हजारी की स्मृति में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 29 मई 2025 को वीरशिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती समारोह में जिले के ऐसे राजपूत क्षत्रिय समाज के प्रतिभावान छात्र छात्रायें जिन्होनें इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त किये है, उन्हें जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के दिवस शाम 7 बजे महाराणा प्रताप भवन जटाशंकर धाम के बाजू से उपस्थित होकर मुख्यअतिथियों से सम्मानित किया जावेंगा।

### असफलता से जीवन असफल नहीं : आशातीत परिणाम नहीं मिले हो तो घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं

अगले माह के अंदर ही फिर से बच्चों का एग्जाम हो रहा है-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा अभी हाल ही में कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के रिजल्ट घोषित हुए है, उन सभी विद्यार्थियों से खास कर उनके माता-पिता से आग्रह करना चाहता हूं कुछ बच्चो का रिजल्ट अच्छा नहीं आया हो, उनके आशातीत परिणाम उन विद्यार्थियों को नहीं मिले हो तो घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस बार राज्य सरकार ने एक नई व्यवस्था लागू की है, जिसके अंतर्गत अगले माह ही फिर से बच्चों का एग्जाम हो रहा है, और यह एग्जाम केवल अनुत्तीर्ण बच्चों का नहीं हो रहा है, यदि किसी विद्यार्थी के किसी भी विषय में नंबर कम या उसको लगता है, कि वह पास है, लेकिन उसके नंबर कम है, वह विद्यार्थी भी इस परीक्षा को दे सकते है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सिर्फ एक या डेढ़ महीने की बात है, आप फिर से परीक्षा दे सकते हैं, आप अच्छे नंबरों से पास हो सकते हैं, और आपका साल भी नहीं बिगड़ेगा तो बिल्कुल किसी भी स्थिति में विद्यार्थी कोई गलत कदम ना उठाएं। इस पर माता-पिता-परिजन ध्यान दें, हमेशा अपने बच्चों के साथ रहें। किसी भी प्रकार से अगले कुछ दिन बच्चों के साथ समय बितायें। किसी भी प्रकार से यदि बच्चे गुमसुम या मायूस है, तो माता-पिता-परिजन तत्काल हेल्पलाईन से संपर्क करें और कलेक्टर को अवगत करायें, काउंसलर्स के माध्यम से उन विद्यार्थयों की मदद कराएँगे और दूसरी चीज़ विद्यार्थियों को दूसरों के साथ कंपेयर मत करिए दूसरों का रिजल्ट अच्छा आया है, विद्यार्थियों का रिजल्ट अच्छा नहीं आया, उससे बिलकुल कंपेयर मत करिये, डांटिये मत अनावश्यक रूप से विद्यार्थी तनाव में ना आयें, यह देखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कृपया इस काम में जिला प्रशासन की मदद करिये और विद्यार्थियों को इस बात का ढांढस बंधाइए की उनकी एक असफलता से जीवन असफल नहीं हुआ है, अभी उनके पास अगले 1-2 महीने के अंदर मौका आ रहा है, वह साल को बर्बाद होने से बचा सकते हैं, वह ठीक से पढ़ाई कर लेंगे तो फिर से उत्तीर्ण हो जाएंगे और उनका 10 वीं-12 वीं से अगली कक्षा के अंदर जा पायेंगे और उनका साल भी बर्बाद नहीं होगा, इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। कलेक्टर श्री कोचर ने जिन विद्यार्थियों के अच्छे नंबर आये हैं, उन विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी हैं।

### छात्रा कुएं में कूदी, रेस्कयू कर बचाई गई जान



**हटा।** मंगलवार को जैसे ही दसवीं बारहवीं की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तो कहीं खुशी कहीं गम के माहौल की खबरें सोशल मीडिया पर आने लगी इसी बीच हटा थाना क्षेत्र के समीप गांव पटना में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में फेल होने से आहत होकर दसवीं की छात्रा ने कुएं में कूदकर आत्महत्या की कोशिश किए जाने का घटनाक्रम सामने आया जहां लोगों ने तुरंत ही कुएं में रेस्क्यू कर छात्र की जान बचाई, छात्रा के आत्मघाती कदम उठाने से गांव में अफरातफरी का माहौल देखा गया।

दरअसल घटना हटा थाना क्षेत्र के पटेरा ब्लॉक अंतर्गत कुमी पटना गांव की है जहां एक छात्रा रिजल्ट से आहत होकर कुएं में कूद गई गनीमत रही कुछ उस दौरान लोगो ने छात्रा को कुएं में छलांग लगाते देख लिया जिसके बाद छात्रा की जान बचाने लोगो ने प्रयास शुरू किए एवं घटना की सूचना हटा पुलिस को जिससे मामले को गंभीरता से लेते हुए हटा तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद छात्रा को कुएं से बाहर निकाला गया और उपचार हेतु 108 एंबुलेंस वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां छात्रा का इलाज जारी है।

## मड़ियादो में तीन घरों में लाखों की चोरी

### मड़यिादो थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ



बस्ती में एक साथ तीन घरों में चोरों ने सेंधमारी कर लाखो की चोरी की वारदात को अंजाम दिया,चोरों ने बीती रात पंचा अठ्या के घर का ताला तोड़कर पलंग पेटी ने रखे सोने चांदी के जेवर,40 हजार नकद पार किये। वन्ही धर्मेंद्र सेन के सुने घर का ताला तोड़कर अलमारी और ड्रोज में रखे जेवर चोरी किये गए।चोरों ने कुछ ही दूरी पर राजू नामदेव के घर से अनाज की बोरियां भी चोरी की गई।तीनो घरों ने 4 से 6 लाख की चोरी का अनुमान लगाया गया है। सुबह जब घरों के टूटे ताले देखे तो मड़यिादो पुलिस को सूचना दी गई।आज सोमवार सुबह करीब 11.45 बजे मडियादो थाना पुलिस जिला मुख्यालय से fsl की टीम घटनास्थल पँहुची और चोरी वाले स्थानों पर जांच की गई।मड़यिादो थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। एक ही रात में तीन घरों में चोरी से पुलिस व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हो रहे।

## प्रेक्षक ने किया पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**दमोह।** जनपद पंचायत हटा की ग्राम पंचायत में पंचायत निर्वाचन नामावली के अद्यतीकरण का निरीक्षण राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक राजा सिंह परिहार द्वारा किया गया। श्री परिहार ने ग्राम पंचायत विनती, कांटी और मडियादो के पंचायत भवन पहुंचकर वहां पर आवेदन एकत्रित कर रहे प्राधिकृत अधिकारियों के कार्यों का निरीक्षण कर उनसे पंचायत निर्वाचन नामावली से संबंधित कार्यों पर चर्चा की।

### मीडियाजनों से रूबरू हुये मंत्री, विधायक व भाजपा पदाधिकारी, कॉरीडोर 5 चरणों में बनकर तैयार होगा

# ‘100 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य कॉरिडोर’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जिले के बांदकपुर धाम में कॉरीडोर निर्माण को लेकर भूमि पूजन के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 9 मई 25 को आगमन हो रहा है। इसी के मद्देनजर आज प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की मौजूदगी में एक पत्रकार वार्ता स्थानीय मंगलम् होटल में संपन्न हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मीडियाजनों से चर्चा करते हुये बताया प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का आगमन 9 मई को बॉदकपुर जागेश्वरधाम की भूमि में भूमि पूजन के लिये हम सबके बीच में पधार रहे है, प्रथम चरण का काम 9 मई के बाद शुरू होगा। इसमें लगभग 10 करोड़ की राशि से कॉरीडोर का कार्य यथा मुख्य प्रवेश द्वार, सुगमता क्षेत्र, व्यवसायिक दुकानें, गौ-शाला, हवन क्षेत्र, पाथ-वे एवं लैण्ड स्कैप आदि कार्य होंगे। दूसरे चरण में मौजूदा भवन का नवीनीकरण, मंदिर परिसर एवं मंदिर के बाहर क्षेत्र में कार्य कराये जायेंगे। कॉरीडोर 5 चरणों में पूरा होगा और निश्चित रूप से 100 करोड़ का भव्य कॉरिडोर आने वाले समय में बन के तैयार होगा। संस्कृति राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आगमन अपरान्ह 3.30 बजे के लगभग प्रस्तावित है, फाइनल कार्यक्रम 1-2 दिन पहले आ जायेगा। लगभग 30 मिनट का समय वहाँ पर पूजा पाठ, अभिषेक के लिए और उसके बाद 1 घंटे का कार्यक्रम सभा स्थल कुल मिलाकर 1.30 घंटे का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में अभिलिप्सा पांडा जो विश्व प्रसिद्ध भजन गायिका हैं, वह भी हमारे इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग की ओर से प्रस्तुति देगी।

पूर्व वित्तमंत्री व वर्तमान दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा लगभग 3.30 बजे के आसपास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का बॉदकपुर जागेश्वरनाथ में आगमन होगा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव बॉदकपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेगें।

विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा पंचम नगर, सीतानगर, सतधरू के बाद बांदकपुर लोक बनेगा, इस बार मैने अपने संकल्प पत्र में भी लिखा था, सरकार बनते ही सबसे पहले सरकार ने बादकपुर लोक का निर्माण कार्य शुरू करवाया हैं। अयोध्या, काशी, बनारस आदि इस तरह की जगहों पर निर्माण होने के बाद पर्यटन बढ़ा हैं, बांदकपुर लोक बनने के बाद निश्चित ही यहां पर भी पर्यटन बढ़ेगा। बांदकपुर में कॉरीडोर बनने से कुण्डलपुर मंदिर के बनने का लाभ सिर्फ वहां के लोगों को नही मिलेगा बल्कि पूरे दमोह शहर को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने इस संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा जागेश्वरनाथ कॉरीडोर बनना सभी के लिए स्वर्णिम पल हैं। ऐसे विख्यात मंदिर का दमोह जिले के लोगों की मांग थी कि मंदिर का विकास हो, दमोह विधायक श्री मलैया जी ने अपने संकल्प पत्र में शामिल किया और इसे प्राथमिकता से इस कार्य को कराया। श्री शिवहरे ने कहा हम सौभाग्यशाली हैं कि जागेश्वरनाथ जी की कृपा हुई, श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी को पर्यटन मंत्रालय मिला, श्री लोधी जी ने सबसे पहला काम इस कार्य के सर्वेक्षण कराने का किया। उन्होंने दूरगामी व्यवस्थाओं आदि के सबंध में अपनी बाते विस्तार से रखी। पूर्व वित्त मंत्री दमोह विधायक श्री जयंत मलैया जी प्रदेश सरकार के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन मंचासीन थे ।